# प्रस्तावित एकल-उपयोग तथा अन्य प्लास्टिक उत्पाद संशोधन नियम 2023

# व्याख्यात्मक लेख




## विवरण

4 नवंबर 2022 को, साउथ ऑस्ट्रेलिया की डिप्टी प्रीमियर, माननीय Susan Close (सूज़न क्लोज़) MP, ने अगले 3 वर्षों में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के कुछ दूसरे उत्पादों तथा अन्य प्लास्टिक उत्पादों के प्रयोग पर रोक के लिए अगले चरणों की योजना की घोषणा की थी।

1 सितंबर 2023 से, साउथ ऑस्ट्रेलिया में प्लास्टिक के चार उत्पादों की बिक्री, आपूर्ति या वितरण वर्जित (पूर्णतया रोक) हो जाएगा, इनमें शामिल हैं:

- प्लास्टिक पिज़्ज़ा सेवर्स
- प्लास्टिक की डंडी वाली कॉटन बड्स
- भोजन और पेय पदार्थों के लिए एकल-उपयोग वाले बिना ढक्कन वाली प्लास्टिक की कटोरियाँ
- भोजन के लिए एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक की प्लेटें।

अतिरिक्त प्लास्टिक उत्पादों को *एकल-उपयोग तथा अन्य प्लास्टिक उत्पाद (अपशिष्ट परिहार) अधिनियम 2020*, में शामिल करने के लिए, इस अधिनियम की धारा 6(1)(h) में शामिल नियमों में बदलाव अनिवार्य है।

साउथ ऑस्ट्रेलिया की सरकार उद्योगों, व्यवसायों और वृहद् समाज से, *'एकल-उपयोग तथा अन्य प्लास्टिक उत्पादों (अपशिष्ट परिहार) (वर्जित प्लास्टिक उत्पाद) संशोधन नियम 2023*, प्रस्तावित छूटों सहित, के ड्राफ्ट पर फीडबैक प्रतिक्रिया देने का आग्रह कर रही है।

अगले पृष्ठों पर प्रस्तावित नियमों का सारांश और परिभाषा तथा छूटों के विस्तार के बारे में सूचित करने वाले कारक बताए गए हैं।

## 1. प्लास्टिक पिज़्ज़ा सेवर्स

साउथ ऑस्ट्रेलिया, प्लास्टिक पिज़्ज़ा सेवर्स पर प्रतिबंध लगाने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य होगा।

प्लास्टिक सेवर्स को सामानों के पुनः प्राप्ति (मटिरियल रिकवरी) केन्द्रों में रीसाइकलिंग सामग्री के लिए अलग करना कठिन होता है और यदि इन्हें पिज़्ज़ा के डिब्बों और/या बचे हुए पिज़्ज़ा के साथ हरे रंग के जैविक कचरे वाले बिन में फेंक दिया जाए (जानबूझकर या अनजाने में) तो ये जैविक रीसाइकलिंग धाराओं में संक्रमण का स्त्रोत भी बन सकते हैं। साउथ ऑस्ट्रेलिया में सभी शहरी काउंसिलों और कुछ क्षेत्रीय काउंसिलों में पिज़्ज़ा के पुट्ठे से बने डिब्बों को आपके घर के बाहर सड़क किनारे से ले जाए जाने वाले जैविक बिनों में डाला जा सकता है। इस नियम के पीछे एक मुख्य उद्देश्य, प्लास्टिक के कारण होने वाले संक्रमण को कम करते हुए घरेलू और औद्योगिक हरे जैविक अपशिष्ट के बिनों से जैविक कचरे की रिकवरी को बढ़ाना है।

प्रस्तावित परिभाषा यह स्पष्ट करती है कि इन नियमों का उद्देश्य किसी भी ऐसी वस्तु को कवर करना नहीं है जो एक सामान्य पिज़्ज़ा सेवर की छवि जैसी होती है (उदाहरण के लिए, प्लास्टिक की एक खिलौना टेबल) लेकिन उसे पिज़्ज़ा के डिब्बे के अन्दर नहीं रखा जाता है।

**फीडबैक अनुरोध**

क्या इस नियम से संबंधित कोई समस्या या संभावित अनपेक्षित परिणाम हैं?



## 2. प्लास्टिक की डंडी वाली कॉटन बड्स

प्लास्टिक की डडी वाली कॉटन बड्स अक्सर शौचालय के कमोड में डाले जाने के कारण बह जाती हैं, इनके वज़न और छोटे आकार के कारण, ये गंदे पानी को छानने की नालयों से होकर निकल जाती हैं और समुद्री पर्यावरण में पहुँच जाती हैं। WWF-ऑस्ट्रेलिया ने इनको ऑस्ट्रेलिया में प्रयोग किए जाने वाले 10 सबसे ख़राब एकल-उपयोग प्लास्टिक सामानों की सूची में डाला है।

इन सामानों पर ऑस्ट्रेलिया के अधिकाँश हिस्सों में (तस्मानिया तथा नॉर्दर्न टेरीटोरी के अलावा) या तो प्रतिबंध लगा दिया गया है, या इन पर प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया चल रही है और इन पर न्यूज़ीलैण्ड में भी प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

साउथ ऑस्ट्रेलिया में उद्देश्य है, कि प्लास्टिक की डंडी वाली कॉटन बड्स को सामान्य जनता को न बेचा जाए। प्लास्टिक की डँडी वाली कॉटन बड्स की प्राथमिक उपचार और परीक्षण किट्स में शामिल किए जाने के प्रावधान सहित, चिकित्सीय, वैज्ञानिक, क़ानून की अवपालना या अपराध की जाँच-पड़ताल के लिए उपयोग हेतु, बिक्री, आपूर्ति या वितरण को जारी रखने की के लिए छूट के प्रावधान का मसौदा तैयार कर लिया गया है।

इन प्रस्तावित नियमों में ऑस्ट्रेलिया के अन्य हिस्सों तथा न्यूज़ीलैण्ड में विद्यमान छूटों के समान ही छूट देने का प्रावधान है।

वर्तमान नियमों की समीक्षा के बाद, यह प्रस्ताव रखा गया कि साउथ ऑस्ट्रेलिया को न्यूज़ीलैण्ड के *(अपशिष्ट न्यूनीकरण) प्लास्टिक तथा संबंधित उत्पाद नियम* 2022 के समान ही परिभाषा का प्रयोग करना चाहिए, जिसमें ऊन या सिंथेटिक फाइबर वाली कॉटन बड्स के शामिल होने की संभावना है।

**फीडबैक अनुरोध**

क्या ये नियम प्लास्टिक की डंडी वाली कॉटन बड्स को साउथ ऑस्ट्रेलिया के समुद्री पर्यावरण में पहुँचने से रोकने के लिए उचित हैं?

क्या इस नियम से संबंधित कोई समस्या या संभावित अनपेक्षित परिणाम हैं?

## 3. एकल-उपयोग प्लास्टिक प्लेटें और कटोरियाँ

यह उद्देश्य है कि यह प्रतिबंध प्लास्टिक की बिना ढक्कन के प्रयोग में आने वाली एकल-उपयोग कटोरियों और प्लास्टिक की एकल -उपयोग प्लेटों पर ही रहे जो भोजन के लिए काम में लिए जाते हैं।

प्लास्टिक की ढक्कन वाली कटोरियाँ, प्लास्टिक के ढक्कन वाले गिलास और प्लास्टिक के भोजन संबंधी उपयोग के लिए प्रयोग किए जाने वाले डिब्बों को उन उत्पादों में शामिल किया जाएगा जिन पर सितंबर 2024 से प्रतिबंध लगाया जाएगा और उस बारे में नियमों का ड्राफ्ट तैयार किए जाने से पहले 2023 में आगे और विचार-विमर्श किया जाएगा। इसलिए, वर्तमान ड्राफ्ट यह स्पष्ट करता है कि प्लास्टिक की केवल उन्हीं कटोरियों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है जिन्हें भोजन के लिए काम में लेने के उद्देश्य से बनाया जाता है और जिनकी रचना बिना ढक्कन के प्रयोग के लिए की जाती है।

कई राज्यों में प्लास्टिक की प्लेटों और प्लास्टिक की बिना ढक्कन वाली कटोरियों पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है, इनमें वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड, और न्यू साउथ वेल्स शामिल है। विक्टोरिया में प्लास्टिक प्लेट्स पर (लेकिन प्लास्टिक कटोरियों पर नहीं) 1 फरवरी 2023 से प्रतिबंध लग जाएगा, ऑस्ट्रेलियन केपिटल टेरीटोरी की योजना प्लास्टिक की प्लेटों और कटोरियों पर 1 जुलाई 2023 से प्रतिबंध लगाने की है।

### 3.1. *प्लास्टिक की परत वाली कागज़ की प्लेटें और कटोरियाँ*

प्लास्टिक की परत वाली प्लेटों और कटोरियों का प्रयोग सामान्यतया जनमदिन के या अन्य उत्सवों में किया जाता है। इन वस्तुओं को उनकी चमकदार डिज़ाइनों, उन पर अंकित अवसर के अनुकूल संदेशों और कार्टून चित्रों से पहचाना जा सकता है।

छपाई वाली कागज़ की प्लेटों और कटोरियों पर यह सुनिश्चित करने के लिए (यानि, स्याही और रंगों से रक्षा के लिए एक आवरण प्रदान करने के लिए) प्लास्टिक की एक पतली परत लगाई जाती है, कि खाना खाने के लिए इन चीज़ों को काम में लेना सुरक्षित है।

प्लास्टिक की परत वाली कागज़ की प्लेटों और कटोरियों को, जब तक कि उनमें भोजन के अवशिष्ट न हों, पीले रंग के रीसाइकलिंग बिन में नहीं डाला जा सकता है। ये उत्पाद हरे रंग के जैविक अपशिष्ट वाले बिन में एक संक्रामक की तरह उपस्थित रहते हैं क्योंकि परंपरागत प्लास्टिक परत को खाद में नहीं बदला जा सकता है।

ऑस्ट्रेलिया के राज्यों और टेरीटोरीज़ ने इन चीज़ों का प्रयोग बंद करने के लिए अलग-अलग तरीकों से रोक लगाने का निर्णय लिया है।

**न्यू साउथ वेल्स** और **विक्टोरिया** के नियमों में प्लास्टिक की परत वाली कागज़ की प्लेटों के उपयोग पर अक्टूबर तक समय आधारित छूट है। **ऑस्ट्रेलियन केपिटल टेरीटोरी** ने संकेत दिया है कि प्लास्टिक की प्लेटों और प्लास्टिक की कटोरियों पर उनके प्रस्तावित प्रतिबंध में भी इसी तरह समय आधारित छूट के प्रावधान की संभावना है। इस समय आधारित छूट

की व्यवस्था यह मानते हुए की गई थी कि, निर्माताओं, थोक-विक्रेताओं और खुदरा-विक्रेताओं के पास इस प्रतिबंध के लागू होने से पहले के ओर्डरों का माल पड़ा हुआ होगा, साथ ही यह व्यवस्था इन चीज़ों के विकल्प खोजने के लिए समय प्रदान करने के लिए भी की गई है।

**क्वींसलैण्ड** और **वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया** ने प्लास्टिक की परत वाली प्लेटों या प्लास्टिक की परत वाली कटोरियों के लिए इस समय आधारित छूट को शामिल नहीं किया है, लेकिन 'पॉलीमर के लेप वाली प्लेटों और कटोरियों के बारे में क्वींसलैण्ड सरकार की वेबसाइट पर हाल ही में प्रस्तुत की गई उनकी दिशा-निर्देश टिप्पणी में कहा गया है कि, हाँलाकि किसी भी तरह की छूट की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, परंतु क्वींसलैण्ड का पर्यावरण तथा विज्ञान विभाग (Queensland Department of Environment and Science) इन चीज़ों के बारे में अवपालना पर इस समय निगाह नहीं रखेगा।

जबकि, वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में यह प्रतिबंध, प्लास्टिक से निर्मित एकल-उपयोग या प्रयोग के बाद फेंकी जा सकने वाली प्लास्टिक की प्लेटों और प्लास्टिक की कटोरियों, चाहे वे पूर्णतया या आंशिक रूप से प्लास्टिक की बनी हुई हों, पर लागू होता है।

साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए, प्लास्टिक की परत वाली कागज़ की प्लेटों और कटोरियों के लिए छूट दी जानी चाहिए या नहीं इस संभावना पर विचार करने के पीछे जो मुख्य कारक थे वे निम्नांकित से संबंधित हैं:

- राज्य भर में प्रबंधन तथा नियमन में आसानी
- विकल्पों की पहचान करने और आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए इस उद्योग को अतिरिक्त समय प्रदान करना
- प्लास्टिक की परत वाले भोजन के बर्तनों को फेंकने में आने वाली कठिनाईयाँ
- भोजन अपशिष्ट को रिकवर करने में उनकी भूमिका
- भोजन के लिए प्रयोग किए जाने वाले अन्य एकल-उपयोग उत्पादों (विशेषकर इस अधिनियम के तहत जिन पर पहले से रोक लगाई जा चुकी है या जिन पर जल्दी ही रोक लगाई जाने वाली है) को फेंके जाने के लिए संदेश देने में समरूपता।

वर्तमान में, प्लास्टिक की परत वाली प्लेटों और कटोरियों के लिए नियमों के ड्राफ्ट में 31 अक्टूबर 2024 तक की समय-सीमा सहित छूट को शामिल किया गया है, ऐसा इसलिए किया गया है ताकि न्यू साउथ वेल्स में दी जा रही छूट के समान व्यवस्था की जा सके, ऐसी व्यवस्था विक्टोरिया में भी शीघ्र ही लागू होने वाली है, और ऑस्ट्रेलियन केपिटल टेरीटोरी में द्वारा ऐसा किए जाने की अपेक्षा है। वैकल्पिक उपायों पर भी विचार किया जा सकता है, इस परामर्श (कंसलटेशन) के फीडबैक (प्रतिक्रिया) के आधार पर।

### फीडबैक अनुरोध

क्या साउथ ऑस्ट्रेलिया को प्लास्टिक की परत वाली प्लेटों और कटोरियों का समाधान यह करके किया जाना चाहिए:

- इन चीज़ों के लिए समय-आधारित छूट देकर?
- प्लास्टिक से बनी सभी प्लेटों और कटोरियों, जिनमें प्लास्टिक की परत वाली प्लेटें भी शामिल हैं, की बिक्री, आपूर्ति या वितरण वर्जित करके?
- ऊपर बताए गए उपायों के अतिरिक्त कोई अन्य उपाय अपनाकर?

क्या इन नियमों में से प्रत्येक नियम से संबंधित कोई समस्या या संभावित अनपेक्षित, अक्षमता के साथ जीवन बिता रहे लोगों पर पड़ सकने वाले किसी भी तरह के प्रभाव सहित, परिणाम हैं?

## *3.2 प्लास्टिक की जिन कटोरियों का प्रयोग मानव द्वारा भोजन करने के लिए नहीं होता है*

चिकित्सीय, वैज्ञानिक, क़ानून की अवपालना या अपराध की जाँच-पड़ताल के लिए काम में ली जाने वाली, एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक की कटोरियों पर छूट प्रदान करने के लिए साउथ ऑस्ट्रेलियन नियमों का ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है, लेकिन इस छूट में उन कटोरियों को शामिल नहीं किया गया है जिनमें लोगों को भोजन या पेय पदार्थ परोसे जाते हैं।

इस प्रस्तावित छूट की व्यवस्था, आपरेशन थियेटर में काम में लिए जाने वाले कीटाणु-रहित किए गए प्लास्टिक के एकल-उपयोग वाले कटोरों तथा पशु चिकित्सालयों में काम में लिए जाने वाले कीटाणु-रहित नहीं किए गए कटोरों जैसे विषयों को कवर करने के लिए की जा रही है, तथा यह व्यवस्था न्यू साउथ वेल्स से उनके एकलउपयोग प्लास्टिक क़ानून के बारे में बातचीत के बाद तथा वहाँ दी जा रही छूटों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

### फीडबैक अनुरोध

क्या ये प्रस्तावित छूटें, उचित हैं, तथा क्या कोई अन्य उद्योग ऐसे हैं जिन्हें एकल-उपयोग वाली की कटोरियों के लिए छूट की आवश्यकता हो सकती है?

क्या इस नियम से संबंधित कोई प्लास्टिक समस्या या संभावित अनपेक्षित परिणाम हैं?

